Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 66 रायपुर, मंगलवार 1अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# आज से लागू हो रहा बजट : नए वित्त वर्ष में होंगे अहम बदलाव

## आयकर में सबसे बड़ी राहत

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (न्यूज चैनल)। 1 अप्रैल से नए वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत हो रही है. इसके साथ ही आम बजट की घोषणाएं भी आज से लागू हो जाएंगी. इस वित्त वर्ष से कई महत्वपूर्ण बदलाव होने जा रहे हैं, जो करदाताओं, वरिष्ठ नागरिकों और उपभोक्ताओं पर सीधा असर डालेंगे.

आयकर व्यवस्था में बड़ा बदलाव सबसे बड़ा बदलाव आयकर व्यवस्था में हुआ है. नई कर व्यवस्था लागू होने के साथ ही अब 12 लाख रुपये तक की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा. वेतनभोगियों के लिए यह सीमा 75 हजार रुपये के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ 12.75 लाख रुपये हो जाएगी. नए वित्तीय वर्ष से छत्तीसगढ़ में पेट्रोल की कीमत में 1 रुपये प्रति लीटर की कमी हो गई है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बजट में पेट्रोल के दामों में यह राहत देने की घोषणा की थी, जो आज से लागू हो गई है. रायपुर में अब पेट्रोल की कीमत करीब 100.42 रुपये प्रति लीटर हो गई है.

**नई कर व्यवस्था के तहत स्लैब**-अब यदि आय 12 लाख रुपये से अधिक हो, तो 4-8 लाख तक की आय पर 5 फीसदी, 8-12 लाख तक पर 10 फीसदी, 12-16 लाख तक पर 15 फीसदी, और 20 से 24 लाख तक की आय पर 25 फीसदी कर लगेगा.

**किराये की आय पर टीडीएस छूट**- अब सालाना 6 लाख रुपये तक की किराये की आय पर कोई टीडीएस नहीं लगेगा. पहले यह सीमा 2.4 लाख रुपये थी.

**वरिष्ठ नागरिकों को ब्याज पर राहत**- वरिष्ठ नागरिकों के लिए एफडी से मिलने वाले ब्याज की सीमा 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी गई है.

**विदेश में पढ़ाई के लिए कर छूट**- विदेश में पढ़ाई के लिए 10 लाख रुपये तक भेजने पर अब कोई कर नहीं लगेगा. इसके अलावा, अपडेटेड टैक्स रिटर्न भरने के लिए अब 24 महीने के बजाय 48 महीने का समय मिलेगा. इन बदलावों से करदाताओं और उपभोक्ताओं को सीधी राहत मिलेगी और जीवन में नई सुविधा प्राप्त होगी.

## छत्तीसगढ़ में आज से पेट्रोल और शराब सस्ती

**रायपुर,** 1 अप्रैल (हाईवे चैनल)। विष्णुदेव साय सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल के दाम में कटौती करते हुए नए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में पेट्रोल प्रति लीटर 1 रुपए सस्ता करने की घोषणा की है, जो 31 मार्च को आधी रात से लागू हो गई है। इसके साथ ही रायपुर में अब पेट्रोल की कीमत घटकर 100.42 रुपए प्रति लीटर हो गई है। यह कटौती प्रदेशवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग के बाद हुई है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के सभी शहरों में पेट्रोल की कीमतें 100 रुपए प्रति लीटर से ऊपर है। पेट्रोल की कीमत घटने से राज्य के आम लोगों को राहत मिलेगी। वहीं राज्य सरकार को राजस्व का घाटा होगा। वहीं, वाणिज्यक कर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उपभोग बढ़ने से राजस्व नुकसान की भरपाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने 2025-26 के बजट में जनता को राहत देने पेट्रोल की कीमत में 1 प्रति लीटर की कमी की गई है, जिससे आम लोगों, किसानों और उद्योगों को लाभ होगा। इसके पहले सरकार ने बल्क में डीजल खरीदी पर वैट घटाकर 17 प्रतिशत कर दिया था, जिससे परिवहन और कृषि कार्यों की लागत में कमी आई है।

**विष्णु देव सरकार ने बजट में की थी घोषणा**

इधर छत्तीसगढ़ में शराब प्रेमियों के लिए एक राहत भरी खबर है. 1 अप्रैल से शराब की नई दरें लागू हो गई हैं, जिसके तहत शराब की कीमतों में औसतन 40 रुपये तक की कमी आएगी. इस नई आबकारी नीति के तहत 1000 रुपये की बोतल पर 4 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी.

## 6.40 रुपए महंगा हुआ रसोई गैस सिलेंडर



ईद के दिन रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि का असर अब नजर आने लगा है। पाकिस्तान की तेल और गैस रेगुलेटरी अथॉरिटी ने 1 किलो एलपीजी का नया मूल्य 248.37 पाकिस्तानी रुपये निर्धारित किया है, जो 1 अप्रैल से लागू हो गया है। इसके अलावा, 11.8 किलो के घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 6.40 रुपये का इजाफा हुआ है, जिसके बाद अब इसकी कीमत 2,930.71 रुपये हो गई है। इससे पहले, 4 मार्च को पाकिस्तान के मरदान शहर में गैस की आपूर्ति न होने के विरोध में सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए थे। खासकर रमजान के दौरान सहरी और इफ्तार के वक्त गैस की कमी को लेकर महिलाओं और प्रदर्शनकारियों ने मलकंद रोड को जाम कर दिया था। उन्होंने सरकार से मांग की थी कि गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और गैस की लोड शेडिंग को खत्म किया जाए। इस बीच, खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंडी ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर रमजान के दौरान गैस और बिजली की कटौती पर तत्काल कार्रवाई करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि केपी खुद गैस और बिजली का उत्पादन करता है, फिर भी यहां के लोग अंधेरे और ठंडे चूल्हे पर रोजा रखने को मजबूर हैं। गवर्नर ने प्रधानमंत्री के रमजान में बिना रुकावट गैस और बिजली की आपूर्ति करने के वादे को भी याद दिलाया, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत थी। उन्होंने कहा कि रमजान के पवित्र माह में लोगों को शांति से इबादत करने का उचित माहौल मिलना चाहिए।

# सीजीएमएससी घोटाले में और भी गिरफ्तारियां जल्द

**रायपुर,** 1 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सीजीएमएससी 411 करोड़ के मेडिकल उपकरण खरीदी घोटाले के 4 आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। जस्टिस सिन्हा ने कहा कि एसीबी-ईओडब्लयू की प्रारंभिक जांच में इनकी भूमिका सामने आई है। लिहाजा, अग्रिम जमानत नहीं दी जा सकती। बता दें कि को एसीबी-ईओडब्लयू की टीम ने मोक्षित कार्पोरेशन, रिकॉर्ड्स और मेडिकेयर सिस्टम, श्री शारदा इंडस्ट्रीज, सीबी कार्पोरेशन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग ने साल 2021 में उपकरणों और मशीनों की खरीदी की प्रक्रिया शुरू की थी। सीजीएमएससी (छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड) ने 26-27 दिन में 411 करोड़ की खरीदी का आदेश जारी किया। आरोप है कि मशीनों की जरूरत का सही आकलन नहीं किया गया। भंडारण की सुविधा भी नहीं थी। फिर भी बड़ी संख्या में मशीनें खरीदी गईं। रीएजेंट की रख-रखाव की कोई व्यवस्था नहीं थी, फिर भी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्टोर करा दिया गया।

**आरोपियों को नहीं मिली अग्रिम जमानत**

केस दर्ज करने के बाद एसीबी-ईओडब्लयू की टीम ले मोक्षित कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक को गिरफ्तार किया है। जिसके बाद फर्म के प्रमोटर, कर्मचारी पंजाब और हरियाणा निवासी अविनेश कुमार, राजेश गुप्ता, अभिषेक कौशल और नीरज गुप्ता ने संभावित गिरफ्तारी से बचने अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया कि एफआईआर में उनका नाम नहीं है। उनके खिलाफ कोई सीधा आरोप नहीं है। वे केवल कंपनी के कर्मचारी, प्रमोटर, निदेशक और कार्यकारी निदेशक हैं। टेंडर प्रक्रिया में उनकी कोई भूमिका नहीं थी।

# लोकसभा में कल दोपहर 12 बजे पेश होगा वक्फ संशोधन विधेयक, 8 घंटे होगी चर्चा

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (न्यूज चैनल)। वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर माहौल गर्म है। सरकार कल यानी 2 अप्रैल को दोपहर 12 बजे लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करेगी। इस बीच वक्फ विधेयक को लेकर बयानबाजी जारी है और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसे संविधान का उल्लंघन बताया।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा का इतिहास जिस तरह के फैसलों से भरा है, उससे जो परिणाम भाजपा चाहती थी वह नहीं आए। भाजपा का हर फैसला वोट के लिए होता है... समाजवादी पार्टी वक्फ बिल के खिलाफ है। वे(भाजपा) पूरा नियंत्रण अपने पास चाहते हैं. इस देश ने वह समय भी देखा है जब प्रशासन के गलत फैसले के कारण भारत की संस्कृति और भाईचारे के खिलाफ खाई पैदा की गई है. जीएसटी हो, नोटबंदी हो या अन्य फैसले हों, वह(भाजपा) लोगों से कुछ न कुछ छीनने का काम करते हैं। वक्फ के माध्यम वह यह संदेश देना चाहते हैं कि अपना वोट बैंक ठीक कर लें। वह कहते थे कि हम(विपक्ष) तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं, क्या वे(भाजपा) ईद पर किट बांटकर तुष्टीकरण नहीं कर रहे हैं?

## ब्रेकिंग न्यूज

### गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में आग, 7 की मौत, 4 घायल

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (न्यूज चैनल)। गुजरात के बनासकांठा जिले में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के बाद कई विस्फोट हुए। इस वजह से डीसा कस्बे के पास स्थित फैक्ट्री के कुछ हिस्से ढह गए। मलबे में कई श्रमिकों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है।

डीसा ग्रामीण पुलिस थाने के निरीक्षक विजय चौधरी ने बताया कि डीसा नगर पालिका के अग्निशमनकर्मी मलबे में फंसे श्रमिकों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। घटनास्थल बचाव कार्य में कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। इससे पहले जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया था कि तीन लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। छह अन्य घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बनासकांठा कलेक्टर मिहिर पटेल ने बताया, आज सुबह हमें डीसा के औद्योगिक क्षेत्र में एक बड़े विस्फोट की सूचना मिली। अग्निशमन विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना स्थल पर ही सात श्रमिकों की मौत हो गई। चार घायल श्रमिकों को अलग-अलग अस्पतालों में रेफर किया गया है। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि फैक्ट्री का स्लैब ढह गया। हम मलबे में दबे किसी भी व्यक्ति को बचाने के लिए तलाशी अभियान चला रहे हैं।

## बिरादरी की बातें

**चूहा- सुनती हो, प्रदेश में शराब आज से सस्ती हो गई है।**

**चुहिया- हां जी, मोदीजी तो कह ही रहे थे अच्छे दिन आने वाले हैं...!**

# आमने-सामने से टकराई 2 रेलगाड़ियां, इंजन के उड़े चिथड़े

## दो लोको पायलट और 4 रेल कर्मियों की मौत

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (न्यूज चैनल)। झारखंड के बरहेट इलाके में मंगलवार की सुबह एक बड़ा रेल हादसा हुआ, जब दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं। यह दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि दोनों गाड़ियों के इंजन के चिथड़े उड़ गए और आग लग गई। इस हादसे में दो लोको पायलट की मौत हो गई, जबकि चार रेलकर्मी और सीआईएसएफ जवान घायल हो गए।

यह हादसा तब हुआ जब फरक्का से ललमटिया जा रही एक मालगाड़ी, बरहेट में खड़ी दूसरी मालगाड़ी से टकरा गई। दोनों गाड़ियों में आग लगने से बचाव कार्य में काफी समय लगा। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। एक शव को अस्पताल भेजा गया, जबकि दूसरा शव मालगाड़ी में फंसा हुआ है। घायलों को पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। प्रशासन ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि दोनों गाड़ियां एक ही पटरी पर कैसे आ गईं। इस दुर्घटना ने न केवल जान-माल का नुकसान किया बल्कि रेल संचालन भी प्रभावित किया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेलवे लाइन को ठीक करने में 2 से 3 दिन का समय लग सकता है।

# अस्पताल निर्माण के 35 करोड़ के टेंडर में गड़बड़ी का आरोप विधायक मंडावी ने जांच के लिए सीएम साय को लिखा पत्र

**रायपुर,** 1 अप्रैल (हाईवे चैनल)। विधायक इंद्रशाह मंडावी ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के जिला अस्पताल निर्माण के टेंडर में गड़बड़ी का आरोप लगाया है. उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पत्र लिखकर प्रदेश स्तरीय जांच समिति बनाकर मामले की जांच की मांग की है. पत्र में बताया गया है कि करीब 35 करोड़ से अधिक के निर्माण का सिंगल टेंडर दक्षी राजहरा की फर्म को दिया गया है.

विधायक इंद्रशाह ने कहा है कि मोहल्ला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में प्रस्तावित 200 बिस्तर जिला अस्पताल के निर्माण टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी की गई है. करीब 35 करोड़ के अस्पताल निर्माण के लिए सीजीएमएससी के माध्यम से टेंडर आमंत्रित किए गए. इसमें तीन कंपनियों ने हिस्सा लिया. इनमें रायपुर की रामराजा मिनरल्स, वीर प्रोजेक्ट कंपनी के अलावा दक्षी राजहरा की नाकोड़ा कंस्ट्रक्शन थे. दो कंपनियों को टेक्निकल त्रुटि के चलते अपात्र कर दिया गया और फिर नाकोड़ा कंस्ट्रक्शन को टेंडर दे दिया गया. कांग्रेस विधायक इंदर शाह मंडावी ने कहा- सीजीएमएससी के एसी अखिलेश तिवारी ने नियम कानून को तोड़ मरोड़कर अपने चहेते को टेंडर दिया है. उन्होंने आरोप लगाया कि सिंगल टेंडर मंजूर नहीं किया जा सकता है. बावजूद टेंडर दे दिया गया. उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाया है.

# सहायक शिक्षक भर्ती के लिए अब 3 अप्रैल तक करा सकेंगे दस्तावेजों का सत्यापन

**रायपुर,** 1 अप्रैल (हाईवे चैनल)। सरगुजा और बस्तर में सहायक शिक्षक भर्ती मामले में दस्तावेजों का सत्यापन अब 03 अप्रैल तक किया जाएगा. लोक शिक्षण संचालनालय ने सहायक शिक्षक भर्ती के पंचम चरण के दस्तावेज सत्यापन की तिथि में बढ़ोतरी की है. अभ्यर्थी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जाकर अपने दस्तावेजों का सत्यापान करा सकते हैं.

**लोक शिक्षण संचालनालय ने बढ़ाई तारीख**

शाला आबंटन की जानकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://edu-portal.cg.nic.in पर उपलब्ध है. इसके पहले दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया का तारीख 19 मार्च 2025 से 26 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई थी. इसे अब 3 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है.

# सीबीएसई ने कक्षा 10, 12 के लिए पाठ्यक्रम में किए बड़े बदलाव, ग्रेडिंग प्रणाली की घोषणा की

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (न्यूज चैनल)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्डने कक्षा 10 और 12 के लिए अपने पाठ्यक्रम में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक ढांचे को बढ़ाना और कौशल-आधारित सीखने के अवसरों का विस्तार करना है। कक्षा 10 के छात्रों के लिए, बोर्ड ने अब तीन कौशल-आधारित विषयों में से एक का चयन अनिवार्य कर दिया है- कंप्यूटर एप्लीकेशन, सूचना प्रौद्योगिकी, या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस। इसके अतिरिक्त, छात्रों को अपने भाषा विषयों में से एक के रूप में अंग्रेजी या हिंदी चुनना होगा, जिसे वे कक्षा 9 या 10 में ले सकते हैं। सीबीएसई की अधिसूचना के अनुसार स्कूलों को शिक्षण के नए तरीकों, मूल्यांकन और विषय संरचनाओं का पालन करना चाहिए, जिसका उद्देश्य सीखने को अधिक व्यावहारिक और आकर्षक बनाना है। आइए प्रमुख अपडेट और छात्रों और शिक्षकों के लिए उनके क्या मायने हैं, इस पर गहराई से विचार करें।

**कक्षा 10 के छात्रों के लिए दो बोर्ड परीक्षाएँ**- 2025-2026 शैक्षणिक वर्ष से, कक्षा 10 के छात्रों को सालाना दो बोर्ड परीक्षाओं में बैठने का अवसर मिलेगा - एक फरवरी में और दूसरी अप्रैल में। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को उसी शैक्षणिक वर्ष में अपने स्कोर को बेहतर बनाने का दूसरा मौका देना है। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि यह नीति अभी अपने मसौदा चरण में है, और अंतिम प्रस्ताव की पुष्टि होना अभी बाकी है। कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं साल में एक बार आयोजित की जाती रहेंगी, 2026 की परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होंगी।

**कक्षा 10 और 12 के लिए संशोधित ग्रेडिंग सिस्टम**- सीबीएसई कक्षा 10 और कक्षा 12 दोनों की बोर्ड परीक्षाओं के लिए 9-पॉइंट ग्रेडिंग सिस्टम में बदलाव कर रहा है। उत्तीर्ण छात्रों में से प्रत्येक 1/8वें को एक ग्रेड स्लॉट आवंटित किया जाएगा। इस प्रणाली के तहत, परीक्षाओं में प्राप्त अंकों को अधिक प्रभावी ढंग से ग्रेड में परिवर्तित किया जाएगा, जिससे छात्र के प्रदर्शन का अधिक सूक्ष्म मूल्यांकन किया जा सकेगा। यह पिछले पांच-पॉइंट ग्रेडिंग स्केल की जगह लेता है और इसका उद्देश्य छात्रों की समझ और क्षमताओं की स्पष्ट तस्वीर प्रदान करना है।

**कक्षा 10 के लिए उत्तीर्ण मानदंड**- कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होने के लिए, छात्रों को प्रत्येक विषय में कम से कम 33त्न अंक प्राप्त करने होंगे। ऐसे मामलों में जहां कोई छात्र विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान या भाषा के पेपर जैसे मुख्य विषय में फेल हो जाता है, लेकिन कौशल-आधारित या वैकल्पिक भाषा विषय में उत्तीर्ण हो जाता है, तो परिणाम गणना के लिए फेल हुए विषय को उत्तीर्ण कौशल या भाषा विषय से प्रतिस्थापित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई छात्र गणित में आवश्यक अंक प्राप्त नहीं करता है, लेकिन कौशल-आधारित विषय में उत्तीर्ण हो जाता है, तो कौशल-आधारित विषय के ग्रेड गणित के ग्रेड की जगह ले लेंगे।

**कक्षा 10 में कौशल-आधारित विषयों की शुरूआत**- सीबीएसई कक्षा 10 के छात्रों के लिए कंप्यूटर एप्लीकेशन (कोड 165), सूचना प्रौद्योगिकी (कोड 402) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कोड 417) जैसे विषयों को शुरू करके कौशल-आधारित शिक्षा पर अधिक जोर दे रहा है। इसके अतिरिक्त, छात्रों को कक्षा 9 और 10 के दौरान अपनी भाषाओं में से एक के रूप में अंग्रेजी या हिंदी का चयन करना आवश्यक है।

संशोधित कक्षा 12 के पाठ्यक्रम में अब सात प्रमुख शिक्षण क्षेत्र शामिल हैं- भाषाएँ, मानविकी, गणित, विज्ञान, कौशल विषय, सामान्य अध्ययन और स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा। पाठ्यक्रम अपडेट के साथ, सीबीएसई ने कक्षा 10 और 12 दोनों बोर्ड परीक्षाओं के लिए ग्रेडिंग मानदंड को भी संशोधित किया है, अब 9-पॉइंट ग्रेडिंग सिस्टम का उपयोग किया जाएगा, जहाँ अंकों को ग्रेड में बदल दिया जाएगा।